20/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि भारत और इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करने का निर्णय लिया है। रोम में इटली की प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना दो हज़ार पच्चीस-उनतीस द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक व्यावहारिक और भविष्य उन्मुख रूपरेखा प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश शिप्पींग, बंदरगाह आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और ब्लू इकोनॉमी के क्षेत्र में भी मिलकर कार्य करेंगे।

000000000000000000000000000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आगामी नीट-यूजी पुनः परीक्षा के सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया है। श्री प्रधान ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

बैठक के दौरान गुमनाम ऑनलाइन समूहों के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी गलत सूचनाओं के बढ़ते प्रसार पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

0000000000000000000000000000

केंद्रीय राज्य मंत्री एवं प्रसिद्ध अभिनेता सुरेश गोपी ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (FTII) के ईटानगर परिसर का दौरा किया। जिसका उद्देश्य संस्थान में मौजूद आधारभूत संरचना की कमियों और लंबित कार्यों का आकलन करना रहा, जिन्हें बाद में भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के समक्ष उठाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा मेसर्स केनगे कंस्ट्रक्शन के साथ चल रही परियोजनाओं की स्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संस्थान की सभी इमारतों और सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आधारभूत संरचना के समय पर पूर्ण होने में आ रही प्रगति और चुनौतियों का जायजा लिया।

0000000000000000000000000000

"पूर्वोत्तर में ऑयल पाम के तीव्र विकास के लिए रणनीतिक समाधान" विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट सियाङ ज़िले के पासीघाट स्थित कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री में आयोजित की जा रही है।

कार्यशाला का उद्देश्य पूर्वोत्तर के पर्वतीय क्षेत्रों में ऑयल पाम की खेती के तीव्र विस्तार के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण तैयार करना तथा केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत वनस्पति तेल उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए एक 'रोडमैप' तैयार करना है। कार्यशाला का संयुक्त रूप से आयोजन कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ ऑयल पाम रिसर्च एंड डेवलपमेंट, ICAR-IIOPR, केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा ऑयल पाम प्रसंस्करण कंपनियों द्वारा किया जा रहा है।

000000000000000000000000000

जिला प्रदर्शन, विभागीय प्रगति तथा राज्य स्तर पर नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले प्रमुख मुद्दों की समीक्षा के लिए आज पासीघाट स्थित डी.सी. कॉमफ्रेंस हॉल में DDR-सह-DLMC समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला स्थिति, मानव संसाधन की स्थिति, प्रशासनिक ढांचा, मासिक विभागीय समीक्षा, उपलब्धियां, समन्वय संबंधी समस्याएं तथा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न विभागों ने राज्य सरकार के तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता वाली प्रमुख चुनौतियों और आवश्यकताओं को भी प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में उठाई गई प्रमुख चिंताओं में विभिन्न विभागों में ग्रुप-सी श्रेणी के पदों पर जनशक्ति की कमी भी शामिल रही।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश साहित्यिक सोसायटी - APLS ने अरुणाचल प्रदेश में साहित्य और भाषा विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2026 का ल्यूमिनस लुम्मर दाई साहित्य पुरस्कार तोनी कोयू को प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। वे तानी लिपि के जनक हैं, जो अरुणाचल प्रदेश की तानी जनजातियों के लिए विकसित पहली स्वदेशी लिपि है। उन्हें भारत ज्योति पुरस्कार, संस्कार भारती पुरस्कार, पेंगुइन पब्लिकेशन पुरस्कार सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से भी सम्मानित किया जा चुका है।

0000000000000000000000000000

लोहित यूथ लाइब्रेरीज़ ने आज तेजू स्थित बाम्बूसा लाइब्रेरी में अपने उन्नीसवें स्थापना दिवस का आयोजन किया। लोहित यूथ लाइब्रेरी आंदोलन के उन्नीस वर्षों की विकास यात्रा पर बोलते हुए वरिष्ठ स्वयंसेवक बानिका क्री ने इसके सिद्धांत **"यदि पाठक पुस्तकों तक नहीं पहुंच सकते, तो पुस्तकें पाठकों तक पहुंचनी चाहिए"** को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय आंदोलन ने कई स्वयंसेवकों के व्यक्तिगत और पेशेवर विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।

0000000000000000000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कौर के अंतर्गत स्पीयरहेड डिवीजन ने तूतिंग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सियांग फुटसल टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। गत आठ मई से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में आसपास के गांवों और शैक्षणिक संस्थानों की बारह पुरुष टीमों सहित तीन महिला टीमों ने सक्रिय भागीदारी की। शारीरिक फिटनेस, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और युवाओं की सकारात्मक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस टूर्नामेंट ने सीमावर्ती क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने और सामुदायिक संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच का कार्य किया।

000000000000000000000000000